# राष्ट्रीय बाल भवन

कोटला रोड, नई दिल्ली–110002

## प्रतिनियुक्ति आधार पर भर्ती हेतु सूचना

केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत संगठनों / दिल्ली सरकार के एनसीटी केडर के समकक्ष योग्य अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स का स्तर | भर्ती नियम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक निदेशक (विज्ञान) | 01 | Pay Level-9 (GP Rs. 5400/-) | इस पद के लिए योग्यता के साथ संबंधित विषय में पे–लेवल–6 (GP Rs- 4200/-) में 10 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**शैक्षणिक योग्यता :**<br>(I) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातकोतर डिग्री।<br>(ii) हिंदी और अंग्रेजी भाषा का उचित ज्ञान।<br>(iii) विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रम के संचालन के लिए सस्ते संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता। इसके अलावा पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील होना आवश्यकता है।<br>**वांछनीय :**<br>(I) विज्ञान के किसी भी क्षेत्र / शाखा में पीएचडी।<br>(ii) वैज्ञानिक क्षेत्र में साहित्यिक लेखन / प्रतिष्ठित पत्रिका / प्रकाशित कार्य। |
| 2 | प्रभारी अधिकारी (फोटोग्राफी) | 01 | Pay Level-7 (GP Rs. 4600/-) | इस पद के लिए योग्यता के साथ संबंधित विषय में पे–लेवल–6 (GP Rs. 4200/-) में 8 वर्ष का कार्य अनुभव अथवा संबंधित विषय में पे. लेवल–5 (GP Rs. 2800/-) में 10 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**शैक्षणिक योग्यता:**<br>(I) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>(ii) मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिप्लोमा।<br>(iii) हिंदी और अंग्रेजी भाषा पर उचित ज्ञान।<br>(iv) सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों / उपस्करों के माध्यम से क्षेत्र से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों को संभालने में सक्षम होना आवश्यक है।<br>**वांछनीय:**<br>(I) बच्चों को पढ़ाने की प्रवृत्ति और उन्हें विभिन्न माध्यमों से अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करने की क्षमता। अपने विशिष्ट क्षेत्र के अलावा अन्य माध्यमों में भी अभिव्यक्त करने की रुचि। |
| 3 | प्रभारी अधिकारी (मिले जुले कार्यकलाप) | 01 | Pay Level-7 (GP Rs. 4600/-) | इस पद के लिए योग्यता के साथ संबंधित विषय में पे–लेवल–6 (GP Rs. 4200/-) में 8 वर्ष का कार्य अनुभव अथवा संबंधित विषय में पे लेवल–5 (GP Rs. 2800/-) में 10 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**शैक्षणिक योग्यता:**<br>(I) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>(ii) मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिप्लोमा।<br>(iii) हिंदी और अंग्रेजी भाषा का उचित ज्ञान।<br>(iv) सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों / उपस्करों के माध्यम से क्षेत्र से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों को संभालने में सक्षम होना आवश्यक है।<br>**वांछनीय:**<br>(I) बच्चों को पढ़ाने की प्रवृत्ति और उन्हें विभिन्न माध्यमों से अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करने की क्षमता। अपने विशिष्ट क्षेत्र के अलावा अन्य माध्यमों से भी अभिव्यक्त करने की रुचि। |
| 4 | क्यूरेटर (संग्रहालय) | 01 | Pay Level-7 (GP Rs. 4600/-) | इस पद के लिए योग्यता के साथ संबंधित विषय में पे–लेवल–6 (GP Rs. 4200/-) में 5 वर्ष का कार्य अनुभव अथवा संबंधित विषय में पे–लेवल–5 (GP Rs. 2800/-) में 10 वर्ष का कार्य अनुभव।<br>**शैक्षणिक योग्यता:**<br>(I) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>(ii) संग्रहालय विज्ञान में डिग्री।<br>(iii) हिंदी और अंग्रेजी भाषा का उचित ज्ञान।<br>(iv) बच्चों के लिए नवीन प्रदर्शनियों की योजना बनाने और डिजाइन करने के सक्षम होना चाहिए।<br>**वांछनीय:**<br>(I) इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों जैसे कला, शिल्प, विज्ञान और खेलों के माध्यम से अभिव्यक्त करने की रुचि। |

रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित की गई तिथि से 30 दिन के अंदर आवेदन–पत्र प्राप्त हो जाना चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र मान्य नहीं होगा। प्रतिनियुक्ति प्रारंभ में 03 वर्ष की अवधि के लिए होगी और आगे भी बढ़ने की संभावना है। आवेदक उचित माध्यम से आवेदन करते समय (निर्धारित प्रपत्र में) पिछले 05 वर्षों की एन.ओ.सी., सतर्कता अनापत्ति और वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (ए.पी.ए.आर.) संलग्न करें। विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं भर्ती नियमों के लिए हमारी वेबसाइट – www.nationalbalbhavan.nic.in को देखें।

**प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदनपत्र जमा करने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें**

1. आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर " ...........................................पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।
2. चयनित पदाधिकारियों का वेतन सीसीएस (आरपी) नियम, 2016 (समय–समय पर संशोधित) द्वारा विनियमित किया जायेगा और आवेदन को बंद करने की तारीख को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष होगी।
3. भर्ती नियम में विहित अपेक्षित सेवा के उद्देश्य के लिए पदाधिकारियों के वेतन स्तर, पद के अनुसार ही संगठित होंगे। एसीपी / एमएसीपी के आधार पर आवेदकों को प्रदान किये गये वेतन स्तर, विशेष वेतन स्तर में अपेक्षित सेवा के लिए उनकी अर्हता की संस्थापित नहीं करेगा।
4. समय–समय पर लागू मानक नियम एवं शर्तों द्वारा प्रतिनियुक्ति को संरक्षित किया जायेगा।
5. निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने अथवा किसी भी कारण को बताये बिना प्रतिनियुक्ति के पदों को रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती हैं।
6. वर्तमान में केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत संगठन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के समतुल्य संवर्ग में सेवारत इच्छुक उम्मीदवार एवं प्रतिनियुक्ति पर सेवा करने के लिए उत्सुक कृपया आवेदन प्रपत्र पर विधिवत रूप से चिपकाए गए पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, शैक्षिक प्रमाणपत्र की स्वअभिप्रमाणित फोटो कॉपियों सहित राष्ट्रीय बाल भवन की वेबसाइट अर्थात www.nationalbalbhavan.nic.in पर उपलब्ध संलग्न प्रपत्र (संलग्नक–क) में निहित समय सीमा के भीतर कृपया आवेदन कर सकते हैं। आवेदन को अग्रेषित करते समय नियंत्रक विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि आवेदक की अपेक्षित सेवा एन.ओ.सी. सतर्कता अनापत्ति और पिछले 5 वर्षों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (ए.पी.ए.आर.) इत्यादि संलग्न हैं एवं उचित प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित हैं जिसके विफल होने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक को साक्षात्कार के समय सभी अर्हताओं और सुसंगत क्षेत्र में अपेक्षित सेवाओं तथा उपरोक्त निर्धारित न्यूनतम अर्हताओं के मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा।
7. साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार का परिवहन भत्ता महंगाई भत्ता नहीं दिया जायेगा।
8. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 को भेजा जाना चाहिए। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन